**Regarding need to restart Border Area Development Programme and include the border districts of Rajasthan in the Vibrant Village Programme-Laid**

श्रीउम्मेदारामबेनीवाल**(**बाड़मेर**) :**देश के अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र बाड़मेर-जैसलमेर में संसदीय क्षेत्र में संचालित सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) योजना को सरकार अंतराष्ट्रीय सीमांत क्षेत्र के विकास और आधारभूत सुविधाओं के लिए पुन: चालू करें और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम(वीवीपी) में राजस्थान के अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जिलों को शामिल किया जाए। बाडमेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र क्षेत्रफल की दृष्टि से देश के कई राज्यों से बड़ा क्षेत्र है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों, संसाधनों के अभाव के कारण आधारभूत सुविधाओं से वंचित यह पिछड़ा सीमांत क्षेत्र है। इस क्षेत्र को इस योजना में शामिल कर पानी, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, सड़क, आवास,सहित विभिन्न बहुउद्देश्यीय कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 में विशेष बजट स्वीकृत किया जाए।